दिनांक : 15.08.2025 समय : 07.10pm

मुख्य समाचार :–

- **प्रधानमंत्री ने 79वें स्वतंत्रता दिवस पर किया राष्ट्र को संबोधित कहा, दिवाली से जीएसटी में होंगे बड़े सुधार।**
- **प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया, भोपाल में मुख्यमंत्री ने किया ध्वजारोहण।**
- **जन्माष्टमी का पर्व कल, मंदिरों में होगी विशेष पूजा अर्चना।**
- **अगले 24 घंटों के दौरान राज्य के कई जिलों में भारी बारिश का अलर्ट।**

**प्रधानमंत्री–स्वतंत्रता दिवस**

आज उन्यासीवें स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम अगली पीढ़ी के लिए जीएसटी सुधार लेकर आ रहे हैं। इससे उद्यमियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों को ताकत मिलेगी। रोजमर्रा की चीजें सस्ती हो जाएंगी और अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत दुश्मनों को करारा जवाब देने के लिए सशक्त हथियार प्रणाली–सुदर्शन चक्र मिशन शुरू करेगा।

प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर भारत को विकसित भारत का आधार स्तंभ बताया। श्री मोदी ने जोर देकर कहा कि मेड इन इंडिया हथियारों सहित स्वदेशी क्षमता से भारत निर्णायक और स्वतंत्र कार्रवाई करने में सक्षम हुआ। इससे यह स्पष्ट हो गया कि राष्ट्रीय सुरक्षा विदेशी सहयोग पर निर्भर नहीं रह सकती।

**स्वतंत्रता दिवस–प्रदेश**

प्रदेश में स्वतंत्रता दिवस का राज्यस्तरीय समारोह भोपाल में आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राज्यपाल मंगू भाई पटेल ने पचमढ़ी में तिरंगा फहराया। अपने संबोधन में, मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नदियों के संरक्षण के लिए गंगोत्री हरित योजना शुरू की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश के केन्द्र में स्थित होने से मध्यप्रदेश की सभी दिशाओं में आसान पहुंच, कच्चे माल की उपलब्धता, कुशल मानव संसाधन, लॉजिस्टिक सुविधा और उद्योग हितैषी 18 नीतियों के क्रियान्वयन से निवेशकों का भरोसा मध्यप्रदेश पर बढ़ा है। निवेश हितैषी औद्योगिक ईकोसिस्टम से मध्यप्रदेश के निर्यात में 6 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है।इस अवसर पर कर्तव्य क्षेत्र में अदम्य वीरता, साहस एवं उत्कृष्टता का प्रदर्शन करने वाले मध्यप्रदेश पुलिस, जेल विभाग और होमगार्ड के विभिन्न

अधिकारियों को विभिन्न श्रेणियों में पदक से अलंकृत किया गया। इनमें जीआरपी रेलवे इन्दौर की एडशिनल एस पी मनीषा पाठक और जबलपुर की एडशिनल एस पी  रंजना तिवारी भी शामिल है।

**स्वतंत्रता दिवस–जिला**

राज्य के कैबिनेट मंत्रियों और जिला कलेक्टरों ने विभिन्न जिला मुख्यालयों पर ध्वजारोहण किया। **बैतूल** में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री, नरेन्द्र पटेल ने ध्वजारोहण किया। **रीवा** में कलेक्टर ने ध्वजारोहण करके परेड की सलामी ली। **सागर** में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। **डिंडोरी** में मंत्री प्रतिमा बागरी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। **गुना** में कलेक्टर ने ध्वजारोहण किया। **सीहोर** में मंत्री कृष्णा गौर ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। **खरगोन** में सहकारिता मंत्री विश्वास  सारंग ने ध्वजारोहण किया। **खंडवा** में मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली । **छतरपुर**, श्योपुर, देवास, मंदसौर, सीधी, झाबुआ, मंडला,उमरिया और धार जिलों में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

## शिवराज - किसान

**कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि देश के किसानों के खिलाफ जाने वाला कोई भी समझौता अन्य देशों के साथ नहीं किया जाएगा। आज नई दिल्ली में देश के किसानों के साथ बातचीत में श्री चौहान ने कहा कि कोई भी समझौता परस्पर स्वीकार्य शर्तों पर ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश और देश के किसानों का कल्याण सर्वोपरि है।**

**उन्होंने कहा, कि "पूरा देश एक नई प्रेरणा और नई ऊर्जा से भर गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमें स्वदेशी का मंत्र दिया है। आज किसानों ने भी देश में बनी चीजें लेने का संकल्प लिया है... प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सरकार फाइल में नहीं लाइफ में दिखनी चाहिए...**

**जन्माष्टमी**

जन्माष्टमी का पर्व कल प्रदेशभर में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर श्रद्वालुओं द्वारा मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ''श्रीकृष्ण पर्व'' एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करेगी। संस्कृति मंत्री  धर्मेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्रीकृष्ण प्रसंगों, उनके अवदान एवं लोक–कल्याणकारी जीवन गाथा से संबंधित साहित्यिक परिचर्चाओं, संवाद, मंदिरों में भजन, कीर्तन सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुतियां आयोजित की जा रही हैं। साथ ही इस अवसर पर जिला स्तर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है। श्री लोधी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण को उज्जैन में ज्ञान की प्राप्ति हुई, वहां स्थित सांदीपनी आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक ''श्रीकृष्ण पर्व'' का आयोजन किया जा रहा है। उज्जैन स्थित नारायणा धाम मंदिर प्रांगण में 14 से 18 अगस्त तक श्रीकृष्ण पर्व का आयोजन किया जा रहा है। **शिवपुरी में कल जन्माष्टमी**

धूमधाम से मनाई जाएगी। इस दौरान शिवपुरी में स्थित विभिन्न मंदिरों को जन्माष्टमी को लेकर सजाया गया है।

## मौसम

प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के चलते अगले 24 घंटों में राज्य के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र सक्रिय है। इसके अलावा तीन ट्रफ लाइनें और साइक्लोन सर्कुलेशन भी प्रभावी हैं। इन मौसम प्रणालियों के कारण प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है। अगले चार दिनों में सिस्टम के और मजबूत होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सिस्टम के सक्रिय रहने से प्रदेश में वर्षा का रुख अगले कुछ दिनों तक बना रहेगा। विभाग ने भारी बारिश वाले जिलों में निचले इलाकों में जलभराव और नदी–नालों के जलस्तर बढ़ने की आशंका जताई है।

## महिला क्रिकेट

ब्रिस्बेन में दूसरे एक दिवसीय क्रिकेट मैच में भारत–ए महिला क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया–ए महिला टीम पर दो विकेट की रोमांचक जीत दर्ज की। 266 रन के लक्ष्य के जवाब में भारतीय टीम ने मात्र एक गेंद बाकी रहते जीत हासिल की। इससे पहले, टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया–ए ने 50 ओवर में नौ विकेट पर दो सौ 65 रन बनाए।

इस जीत के बाद भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2–0 की अजेय बढ़त बना ली है। तीसरा और अंतिम मैच रविवार को ब्रिस्बेन में ही खेला जाएगा।

**कुछ समाचार संक्षेप में**

- **मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल जीवन मिशन के सफलतम 6 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के 78 लाख से अधिक घरों तक नल कनेक्शन पहुंचाए जा चुके हैं।**
- **जबलपुर सेंट्रल जेल से स्वतंत्रता दिवस पर 12 कैदियों को रिहा किया गया। इनमें 11 पुरुष और एक महिला शामिल हैं। ये कैदी डिंडोरी, सिवनी, नरसिंहपुर, क□नी, छिंदवाड़ा और बालाघा□ के रहने वाले हैं।**
- **नर्मदापुरम में आज दो सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि छः यात्री घायल हो गए।**
- **जनसंघ के संस्थापक सदस्य कुशाभाऊ ठाकरे और महान दार्शनिक महर्षि अरबिंदो घोष की आज जयंती है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दोनों महान विभूतियों को स्मरण किया ।**

----------------